नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# 33 .45 लाख हितग्राहियों को पेंशन

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समय पर सामाजिक सुरक्षा राशि जारी की

### 200 करोड़ रुपये से अधिक राशि अंतरण



**भोपाल, 29 अप्रैल. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि यह उस विश्वास का प्रतीक है कि सरकार हर परिस्थिति में जरूरतमंदों के साथ खड़ी है. उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को सम्मान और पारदर्शिता के साथ सहायता उपलब्ध कराना ही सरकार का संकल्प है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंत्रालय से समग्र पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 33 लाख 45 हजार 231 हितग्राहियों के बैंक खातों में मार्च पेड अप्रैल की 200 करोड़ 71 लाख रुपये की पेंशन राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की.**

उन्होंने कहा कि पीएम के मार्गदर्शन में राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और पेंशन योजनाएं सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से मिलने वाली राशि जरूरतमंदों के जीवनयापन में सहारा बनने के साथ उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है.

सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचे, जिससे कोई भी नागरिक स्वयं को असहाय महसूस न करे. मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए 2 हजार 857 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को और मजबूती मिलेगी. विभागीय जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 62 हजार 594, मानसिक रूप से अविकसित एवं बहु दिव्यांग आर्थिक सहायता योजना के 77 हजार 120 तथा समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 32 लाख 5 हजार 517 हितग्राहियों सहित कुल 33 लाख 45 हजार 231 लाभार्थियों को 600 रुपये प्रतिमाह की दर से यह राशि प्रदान की गई है.

### शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में 3 मई को होगी नीट परीक्षा

**रीवा.** आगामी 3 मई को शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में एनटीए नीट यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन किया जायेगा. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें व सुविधाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिये हैं. नीट परीक्षा 3 मई को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित किया गया है. यदि उम्मीदवार पारंपरिक पोशाक पहन रहे हैं तो उन्हें परीक्षा के दिन दोपहर 12.30 बजे तक आवंटित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र की प्रिंट कॉपी, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो, पासपोर्ट साइज के 2 फोटो, किसी एक अधिकृत फोटो आईडी की मूल तथा वैध प्रति, व्यक्तिगत पारदर्शी पानी की बोतल, लडकों के लिए हल्के कपड़े, जिनमें लंबे बाजू न हों.

# मुख्य आरोपी सोनम की जमानत के बाद दोनों परिवार आमने-सामने

**इंदौर, 29 अप्रैल.देशभर में चर्चित कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को शिलॉन्ग कोर्ट से जमानत मिलने के बाद विवाद गहराता जा रहा है. मंगलवार शाम उसकी रिहाई होने के बाद बुधवार को दोनों परिवारों के बीच आरोप प्रत्यारोप तेज हो गए.**

राजा रघुवंशी के परिवार ने जहां जमानत पर नाराजगी जताते हुए सोनम के परिजनों पर मदद करने के आरोप लगाए हैं, वहीं सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी ने इन आरोपों से साफ इनकार करते हुए कहा कि जमानत दिलाने में उनकी कोई भूमिका नहीं है और उनका इस पूरे मामले से कोई लेना देना नहीं है. गोविंद ने कहा कि कोर्ट के निर्देश पर ही रिहाई के समय उन्हें शिलॉन्ग जाना पड़ा था. उन्होंने बताया कि परिवार पूरी तरह बिखर चुका है और वे खुद आर्थिक व मानसिक दबाव में हैं.

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**



मैं पहले से ही व्यापार और परिवार की जिम्मेदारियों में उलझा हूं, इस मामले में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है.

इधर, राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी ने जमानत फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है. उनका कहना है कि सोनम इस हत्याकांड की मास्टरमाइंड है और उसे जमानत मिलना न्याय के साथ अन्याय है. उन्होंने मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप की अपील की है.

वहीं राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने भी गंभीर आरोप लगाए. उनका कहना है कि उन्हें जमानत की जानकारी वकील से नहीं, बल्कि शिलॉन्ग पुलिस के फोन से मिली. उन्होंने सोनम के परिवार, खासकर गोविंद पर सोनम का सहयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे जमानत रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट का रुख करेंगे. वहीं विपिन ने आशंका जताई कि यदि वे कानूनी कार्रवाई के लिए शिलॉन्ग जाते हैं तो उन पर हमला हो सकता है. उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना के लिए गोविंद जिम्मेदार होंगे.

सूत्रों के मुताबिक मामले में अन्य आरोपी की जमानत पर भी जल्द सुनवाई हो सकती है. ऐसे में इस चर्चित हत्याकांड में आगे की कानूनी लड़ाई और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं.

### एक नजर में



#### ग्वालियर विधानसभा में कांग्रेस कमेटी का गठन

**ग्वालियर.** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कल ग्वालियर विधानसभा के वार्ड 7 में वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन वरिष्ठजनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव और प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा उपस्थित रहे. बैठक का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह भदौरिया और आभार प्रदर्शन पार्षद मोनिका मनीष शर्मा ने किया. बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष जीतू चौहान, धर्मवीर लोधी, राघवेंद्र भदोरिया, मनीष शर्मा, अरुण राजपूत, महेश वर्मा, दीपक बघेल, ऋषभ शर्मा, सोनू गडरिया, सोनू शर्मा, विजय, दिवाकर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे.

#### कुख्यात बदमाश को 6 माह के लिए भेजा जेल

**इंदौर.** नशे के कारोबार और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कुख्यात बदमाश पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए पिट्स एक्ट के तहत उसे छह माह के लिए केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया है. कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पुलिस की सख्ती को लेकर चर्चा है. आरोपी भरत उर्फ लंगड़ा पिता हल्केराम वर्मा, निवासी नानक नगर, रिंग रोड, भंवरकुआं के खिलाफ मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और नशे से जुड़े कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पिट्स एक्ट के तहत प्रकरण तैयार कर संभागायुक्त न्यायालय में पेश किया.

#### युवक को तस्कर ने स्कॉर्पियो से कुचला

**नीमच.** रतनगढ़ थाना क्षेत्र में सिंगोली मार्ग पर कुख्यात तस्कर पप्पू धाकड़ ने पैरोल पर जेल से बाहर आए अशोक धाकड़ पर जानलेवा हमला कर दिया. दरअसल, आरोपी तस्कर ने युवक की बाइक को टक्कर मारी. इसके बाद उसे वाहन से कुचलने की भी कोशिश की. स्कॉर्पियो से टक्कर मारने के बाद अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है.पत्नी को ससुराल छोड ?र बाइक से गांव लौट रहे थे जानकारी के मुताबिक, हाथीपुरा निवासी अशोक धाकड़ अपनी पत्नी को ससुराल छोड ?र बाइक से गांव लौट रहे थे. इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पप्पू धाकड़ और उसके साथियों ने उनकी बाइक को स्कॉर्पियो से टक्कर मार दी और कुचलने की कोशिश की.

# गंदे पानी को लेकर वार्डवासियों में गुस्सा

## धरने पर बैठे पार्षद, बड़वानी में सीवरेज-पानी लाइन लीक

**बड़वानी, 29 अप्रैल. शहर के कालका माता मंदिर क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब सीवरेज और पेयजल लाइनों में लीकेज के कारण घरों में दूषित पानी की सप्लाई होने लगी. नलों से गंदा और बदबूदार पानी आता देख वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा. विरोध स्वरूप कांग्रेस पार्षदों ने सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.**



धरना स्थल पर पहुंचे नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष राकेश सिंह जाधव ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए. जाधव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में सीवरेज का कार्य किया जा रहा था, जिस दौरान लापरवाही के चलते मुख्य पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई. उन्होंने आगे कहा कि नियमों के अनुसार पेयजल लाइन और सीवरेज पाइप एक साथ नहीं डाले जा सकते, लेकिन यहां नियम विरुद्ध काम किया गया है.

**स्थायी समाधान नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी**

पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का स्थायी समाधान जल्द नहीं हुआ और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो दोबारा धरना दिया जाएगा. फिलहाल प्रशासन की टीम सुधार कार्य में लग गई है.

# विधायक निर्मला को दस्तावेज पेश करने का मिला समय

**हाईकोर्ट में सरकार की ओर से दी गई जानकारी**

**जबलपुर, 29 अप्रैल. मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ को सरकार की ओर से बताया गया कि विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्यवाही किये जाने संबंधित आवेदन की सुनवाई विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 22 अप्रैल को की गई थी. विधायक निर्मला सप्रे के आवेदन पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें दस्तावेज पेश करने समय प्रदान किया है. सरकार के जवाब को रिकॉर्ड में लेते हुए युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 18 जून को निर्धारित की है.**



उल्लेखनीय है कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की ओर से हाईकोर्ट में दल-बदल कानून के तहत कांग्रेस की बीना से विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की गई है. याचिका में कहा गया था कि उन्होंने 30 जून 2024 को विधानसभा अध्यक्ष तोमर के समक्ष इस मामले में याचिका दायर की थी. लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई. जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है. याचिका में कहा गया था कि विधायक सप्रे ने पार्टी विरोध गतिविधियों में लिप्त थी. लोकसभा चुनाव के दौरान पांच मई 2024 को राहतगढ़ में मुख्यमंत्री यादव के कार्यक्रम में मंच पर पहुंची थीं.

**सरकार को जवाब के लिए मोहलत**

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में है. दरअसल हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में आरोप है कि जिले के 102 शासकीय स्कूल शिक्षक विहीन है, जबकि 499 स्कूलों में सिर्फ एक या दो ही शिक्षक पदस्थ है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने पूर्व में शासकीय विद्यालयों की संख्या व शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर सरकार से हलफनामे में जवाब मांगा था. मामले में आगे हुई सुनवाई दौरान सरकार की ओर से जवाब के लिये समय की राहत चाही गई, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने तीन सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 29 जून को निर्धारित की है. दरअसल यह जनहित का मामला डिंडोरी निवासी लोक सिंह की ओर से दायर किया गया है. जिसमें कहा गया है कि डिंडौरी जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर अस्तित्वहीन है. क्योंकि 102 शासकीय स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं है तो वहीं शेष अन्य 499 स्कूलों में एक या दो ही शिक्षक पदस्थ है. आवेदक की ओर से कहा गया कि जब स्कूलों में शिक्षक ही नहीं तो बच्चों की पढ़ाई कैसे संभव है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय है. इतना ही नहीं राईट-टू-एजुकेशन एक्ट का भी उल्लंघन है.

# रतलाम रेल मंडल ने टिकट जांच में बनाया रिकॉर्ड

**एक दिन में 16 .56 लाख का राजस्व**

**उज्जैन, 29 अप्रैल. पश्चिम रेलवे के रतलाम रेल मंडल ने टिकट चेकिंग अभियान के दौरान एक ही दिन में 16.56 लाख रुपए का राजस्व अर्जित कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है.**



रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल 2026 को मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने विशेष सघन अभियान चलाते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस दौरान रतलाम, उज्जैन, इंदौर, चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, दाहोद, देवास और डॉ. अम्बेडकर नगर सहित विभिन्न स्टेशनों एवं मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में जांच की गई.अभियान के दौरान कुल 2249 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे यह राजस्व प्राप्त हुआ.

अधिकारियों के अनुसार यह सफलता कर्मचारियों की सतर्कता, प्रतिबद्धता और समन्वित कार्य का परिणाम है. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और बिना टिकट यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी के निर्देशन में वाणिज्य विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है.

### ईडी की कार्रवाई में 7 .76 करोड़ की संपत्तियां अटैच

**इंदौर.** प्रवर्तन निदेशालय की इंदौर इकाई ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 7.76 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं. जिसमें जमीन के प्लॉट शामिल हैं जो संबंधित कंपनी के नाम पर दर्ज हैं. यह मामला मैसर्स रूचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वर्तमान में स्टीलटेक रिसोर्सेज लिमिटेड) से जुड़ा है. जांच की शुरुआत सीबीआई, एसीबी भोपाल द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई थी. जिसमें कंपनी पर यूको बैंक, इंदौर के साथ 58 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है.

# कलेक्टर ने बर्डिया पूना व देवरी का किया निरीक्षण

**मंदसौर, 29 अप्रैल. कलेक्टर अदिती गर्ग ने विकासखंड गरोठ के ग्राम बर्डिया पूना में क्षीरधारा का निरीक्षण कर पशुपालकों से संवाद किया. उन्होंने एचएफ जर्सी गायों व दुधारू भैंसों की अवलोकन करते हुए दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने और सांची सहकारी संघ से जुड़ने के लिए प्रेरित किया.**



निरीक्षण के दौरान पशु-पक्षियों हेतु बनाए गए पेयजल होद की सराहना की गई. साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत करीब 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित तालाब का निरीक्षण कर उसकी गहराई बढ़ाने व आसपास पौधारोपण के निर्देश दिए.

इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम पंचायत देवरी में नव निर्मित मॉडल पंचायत भवन का अवलोकन किया. भवन के हाल, किचन व वेटिंग रूम सहित रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और रिचार्ज पीट की जानकारी ली तथा नागरिकों से स्व-गणना में भाग लेने की अपील की. कलेक्टर ने राहगीर अभियान के तहत हटाए गए अतिक्रमण का भी मौके पर निरीक्षण किया और सहयोग करने वाले लोगों के नाम शिलापट्ट पर अंकित करने के निर्देश दिए. इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

### व्यापारी ने राजगढ़ में लगाई फांसी

**शुजालपुर.** शुजालपुर के एक व्यापारी द्वारा राजगढ़ जिले में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है कि वह अपने ससुराल में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था, इसी दौरान उसने यह कदम उठा लिया. जानकारी के अनुसार घटना राजगढ़ जिले के चोमा गांव के पास की है, जहां व्यापारी का शव एक कुएं की मुंडेर पर लटका मिला. प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उसने कुएं की मुंडेर पर लगे लोहे के सरिए से गमछा बांधकर फंदा लगा लिया, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

### साढ़े 37 लाख के पंचायत भवन में नहीं हुआ बिजली कनेक्शन

**चितरंगी.** जिले के चितरंगी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरसर कोठार में लाखों रुपये की लागत से निर्मित पंचायत भवन आज भी अंधेरे के साए में पड़ा हुआ है. लगभग 37 लाख 49 हजार रुपये की लागत से तैयार यह भवन क्षेत्र के सबसे सुंदर पंचायत भवनों में गिना जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि आज तक यहां बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है. ग्रापं कोरसर कोठार के सरपंच विद्यासागर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत द्वारा 28 अक्टूबर 2025 को मध्य प्रदेश पूर्व विद्युत वितरण कंपनी के जूनियर इंजीनियर को विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया गया था. इस आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था.

# ट्रक ने मजदूर को रौंदा, मौत

- **कंक्रीट मिक्सर की लापरवाही**
- **आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल**

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 29 अप्रैल. बिजौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गणेशपुरा के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया. यहाँ पीडब्ल्यूडी के सड़क निर्माण कार्य में लगे एक कंक्रीट मिक्सर ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन रिवर्स कर दिया, जिसकी चपेट में आने से 25 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई.**



हृदय विदारक दृश्य तब देखने को मिला जब गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाते समय उसने अपनी मां की गोद में ही अंतिम सांस ली. हादसे में मृतक की मां सहित करीब 7-8 अन्य मजदूर भी घायल हुए हैं. रिवर्स करते समय हुआ हादसा- जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान मोहन केवट (25), निवासी बिंदपुरा निवाड़ी के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कंक्रीट मिक्सर ट्रक के चालक ने बिना पीछे देखे अचानक वाहन को बैक कर दिया. मोहन और उसकी मां समेत आधा दर्जन से अधिक मजदूर ट्रक की चपेट में आ गए. मोहन ट्रक के पहिए के नीचे आने से बुरी तरह कुचल गया था.

**इनका कहना है**

हादसे में चालक की लापरवाही साफ नजर आ रही है. पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और वाहन को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

**मनीष यादव,** एसडीओपी, बेहट

**नाम छूटा या संदेश दिया?** सोशल मीडिया पोस्ट ने स्थानीय राजनीति में पैदा की हलचल

# सांसद दर्शन की पोस्ट में गायब हुआ माया का नाम

मदन शर्मा

**नर्मदापुरम, 29 अप्रैल. नर्मदापुरम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दौरे ने जहां संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन किया, वहीं एक सोशल मीडिया पोस्ट ने स्थानीय राजनीति में हलचल पैदा कर दी.**

सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा साझा की गई स्वागत तस्वीरों में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया का नाम गायब होना अब महज चूक नहीं, बल्कि सियासी संकेतों के चश्मे से देखा जा रहा है. मंगलवार रात 10-10 बजे जनता कार्यालय में हुए स्वागत कार्यक्रम में कई बड़े चेहरे मौजूद थे. फूल-




मालाओं और आतिशबाजी के बीच शक्ति प्रदर्शन साफ दिखा. लेकिन जब तस्वीरें सोशल मीडिया पर आईं, तो सूची में विधायक, जिला अध्यक्ष और अन्य नेताओं का जिक्र तो था-पर माया नारोलिया का नाम नहीं. दिलचस्प यह है कि जिस तस्वीर में नाम छूटा, उसी में माया नारोलिया फ्रंटलाइन में खड़ी नजर आती हैं. ऐसे में सवाल उठना लाजिमी था,क्या यह महज लापरवाही थी, या फिर किसी अंदरूनी खींचतान की झलक ?

राजनीतिक गलियारों में इस चूक को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जाने लगे है.

क्या स्थानीय स्तर पर वर्चस्व की लड़ाई चल रही है?

क्या राज्यसभा सांसद की भूमिका को जानबूझकर कमतर दिखाने की कोशिश हुई?

या फिर यह संगठन के भीतर किसे कितना महत्व देने का संकेत था?

मामला जैसे ही तूल पकड़ने लगा और मीडिया में आया, सांसद के सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट को एडिट कर दिया गया. अपडेट में माया नारोलिया का नाम जोड़ दिया गया, लेकिन तब तक राजनीतिक संदेश अपनी जगह बना चुका था.राजनीति में अक्सर कहा जाता है कि जो दिखता है, वही बिकता है, और जो नहीं दिखता, वह और ज्यादा सवाल खड़े करता है. नर्मदापुरम की यह घटना भी यही बताती है कि अब मंच ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया की हर लाइन भी सत्ता समीकरणों का आईना बन चुकी है.